हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 अगस्त 2025

06 पहली ही सुनवाई में हो, आवेदकों की समस्याओं ...



07 नागरिकों की आवास, मानदेय, पुलिया...






माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान से जुड़े सभी जन

# मिट्टी की मूर्ति स्थापना के लिए सफल होते शासकीय प्रयासों से घट रहा पीओपी मूर्तियों का क्रेज, नागरिक जागरूक, मूर्तिकार भी कर रहे किनारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत में सरकारें प्रयासरत हैं कि मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना व पूजन सनातन पद्धति अनुरूप हो। क्योंकि लंबे समय से पीओपी मूर्तियों का उपयोग होने लगा था। और अब सरकारी प्रयास सफल होते नजर आ रहे हैं। देखा जा रहा है कि सरकार के जन जागरूकता अभियानों के चलते जनता व मूर्तिकारों का पीओपी प्रतिमाओं के प्रति मोह कम हो रहा है। हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार को शहर में मूर्ति निर्माण व विक्रय स्थलों के भ्रमण में देखा कि बड़ी मूर्तियों की भांति अब छोटी मूर्तियां भी अब मिट्टी से ही बनाई जा रही हैं। जबकि पिछले दशक में देखा जा रहा था कि पीओपी की छोटी मूर्तियों अधिक संख्या में बनाई जाती थीं व मिट्टी की मूर्तियां डिमांड पर बनाई जाती थीं। लेकिन पिछले पांच वर्षों में पीओपी मूर्ति निर्माण रोकने के प्रयास शासकीय स्तर पर किए गए थे। परिणामस्वरूप मूर्तिकार भी अब इससे किनारा करने लगे हैं व मिट्टी की मूर्तियां ही अधिक बनाई जा रही हैं। मूर्तिकारों ने चर्चा में बताया कि पीओपी की मूर्तियों का निर्माण पूरी तरह बंद तो नहीं हुआ है, लेकिन गत वर्षों की अपेक्षा इसमें 50% की कमी आई है। अब पीओपी की छोटी मूर्तियां 20 से 30 प्रतिशत पर सिमट गई हैं।

### फिनिशिंग का असर

मूर्तिकारों ने चर्चा में बताया कि पीओपी मूर्तियां जल्द तैयार होती हैं व फिनिशिंग अच्छी होती है। वहीं मिट्टी की मूर्ति बनाने में समय ज्यादा लगता है, ये देर से सूखती हैं व फिनिशिंग उतनी बेहतर नहीं होती। लेकिन पीओपी की मूर्तियों के कारण पर्यावरण व जल स्रोतों की क्षति रोकने प्रयास बढ़ रहे हैं।वहीं सनातन धर्म में भी पार्थिव प्रतिमा के पूजन को नियमानुकूल माना जाता है। इसलिए भी अब सनातनियों का झुकाव पुनः मिट्टी की प्रतिमाओं की ओर होने लगा है।

### 100 में से चार प्रतिमाएं

मंगलवार को बाजार में श्री गणेश की छोटी प्रतिमाएं विक्रय के लिए रखी नज़र आईं। मूर्तिकार से संवाददाता ने चर्चा की। उसने बताया कि उपलब्ध 100 छोटी प्रतिमाओं में से 10-12 प्रतिमाएं ही पीओपी की हैं, बाकी मिट्टी की हैं। यद्यपि आज श्री गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा तथा सर्वाधिक संख्या में प्रतिमाएं आज विक्रय के लिए लाई जाएंगी। देखना होगा कि आज विक्रय होती प्रतिमाओं में से पीओपी की कितनी हैं तथा मिट्टी की कितनी। प्रशासनिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार यदि आज बाजार क्षेत्र में पीओपी की मूर्तियां बेचने के लिए लाई गईं तो इन्हें बाजार से हटाया जा सकता है।

### कालेज के विद्यार्थियों ने बनाए मिट्टी से गणेश



**माखन नगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना ,इको क्लब व भारतीय ज्ञान परम्परा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

### कलेक्टर ने की मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना करने की अपील

**नर्मदापुरम।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना ने जिलेवासियों से अपील की है कि आगामी गणेशोत्सव, दुर्गा उत्सव और महालक्ष्मी पूजन में केवल मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की ही स्थापना करें। कलेक्टर ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पूरी तरह प्राकृतिक होती हैं, विसर्जन के बाद यह पुनः मिट्टी में मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिमाएँ जल और भूमि को प्रदूषित नहीं करतीं बल्कि प्रकृति के चक्र को सुरक्षित रखती हैं। इसके विपरीत, प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाएँ लंबे समय तक जल में घुलती नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### सिद्ध बाबा धाम के महंत हरिबाबा दास का निधन



**माखन नगर।** सेमरी हरचंद से सात किलोमीटर दूर सिद्ध बाबा धाम पर लम्बे समय से निवासरत संत हरिबाबा दास का बीमारी के चलते निधन हो गया है। वह 65 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। संत हरिबाबा दास के निधन से क्षेत्र को एक बड़ी आध्यात्मिक क्षति हुई है।

### जिले में अब तक हुई 1085.5 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में अब तक जिले में 1085.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1013.9 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि 25 अगस्त से 26 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.3 मिमी, सिवनीमालवा में 4.0 मिमी, इटारसी में 0.0 मिमी, माखननगर में 0.0 मिमी, सोहागपुर में 0.0 मिमी, पिपरिया में 0.0 मिमी, बनखेड़ी में 0.0 मिमी, पचमढ़ी में 4.3 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## हरिभूमि लगातार उठा रहा सवाल, जिम्मेदारों की नजर से दूर हादसे का द्वार

# बिजली पोल से टिकी न्यायालय परिसर की जर्जर बाउंड्रीवॉल, क्षतिग्रस्त की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय न्यायालय की बाउंड्रीवाल अत्यधिक क्षतिग्रस्त अवस्था में है। दिनोंदिन क्षतिग्रस्त होती जा रही दीवाल कभी भी गिर सकती है। नागरिकों ने बताया कि सरदार वार्ड में विवेकानंद स्कूल जाने के रास्ते से लगी दीवार झुक गई है तथा कभी भी यह दीवार गिर सकती है। नागरिकों को इस बात की चिंता है कि स्कूल लगने या अवकाश के समय दीवार के साथ कोई क्षति होती है तो बच्चों के साथ नुकसानदायक स्थिति बन सकती है। अतः आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन इस बाबत ध्यान दे तथा दीवार के सुधार के लिए प्रयास करे। नागरिकों ने उक्त दीवार के अविलंब सुधार की अपेक्षा की है। चित्र से समझा जा सकता है कि क्षतिग्रस्त दीवार बिजली के पोल से टिकी हुई है एवं गिर सकती है।

स्थानीय न्यायालय की बाउंड्रीवाल अत्यधिक क्षतिग्रस्त अवस्था में है। दिनोंदिन क्षतिग्रस्त होती जा रही दीवाल कभी भी गिर सकती है।



### किया सचेत

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने इससे पूर्व भी दीवार के संबंध में समाचार प्रकाशित कर व्यवस्था को सचेत करने के प्रयास किये हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि दिनोंदिन दीवार और क्षतिग्रस्त होती जा रही है। पहले पूरी दीवार बिजली के पोल से टिकी हुई थी। अब इसमें दरारें बढ़ गई हैं। जिसके कारण यह कभी भी टुकड़े-टुकड़े होकर किसी भी ओर गिर सकती है।

### क्षतिग्रस्त भवनों और निर्माणों को तोड़ने के निर्देश

कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ऐंसे क्षतिग्रस्त भवनों, निर्माणों को चिन्हित कर तोड़ा जाए। उन्होने कहा कि चिन्हित सभी जर्जर भवनों का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए कि कितने भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और तत्काल तोड़े जाने योग्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित अन्य शासकीय एवं अशासकीय जर्जर भवनों और उनके आसपास की जर्जर और क्षतिग्रस्त निर्माणों को को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्रवाई पूर्ण की जाए।

### कलेक्टर के निर्देश पर भी अधिकारियों का ध्यान नहीं

जिले में बारिश के मौसम क्षतिग्रस्त भवनो और निर्माण के गिरने से जोखिम बढ़ता है जिससे आम आदमी का जीवन खतरे में बना रहता है। ऐंसी स्थिति को देखते हुए शासन को उक्त बाऊंण्ड्रीवॉल को भी चिन्हित कर तोड़ कर नई बाऊण्ड्रीवाल बनाई जानी चाहिए ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। हालाकि नगर प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है और अनजान बन कर किसी दुर्घटना की राह ताक रहे हैं। इससे पूर्व अधिकारियों तथा भाजपाईयों ने कुछ खस्ताहाल भावनाओं का निरीक्षण किया था। जिनमें क्षतिग्रस्त भवनों में रघुवंशीपुरा शासकीय स्कूल का पुराना भवन, आबकारी विभाग मदिरा भंडार गृह, नप का पुराना सामुदायिक भवन तथा पुराना आईटीआई भवन सम्मिलित थे। परंतु इस दीवार को छोड़ दिया गया।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुनी गई लोगों की जनसमस्याएं

### कलेक्टर ने 93 आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें नागरिकों ने प्रशासन को अपनी समस्याएं बताई। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा मंगलवार को 93 आवेदनों का निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में आवेदनकर्ता करण कुमार धुर्वे, निवासी तिनस्या सिवनी मालवा एक ग्रामीण के साथ पहुंचे और उन्होने कलेक्टर को अवगत कराया कि उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है और वे अपने भाई एवं अपनी बुजुर्ग दादी के साथ रह रहे हैं। परिवार में अन्य कोई सदस्य नहीं है तथा आय का कोई साधन न होने से दोनो भाईयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उक्त बालक की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने दोनों बच्चों का बालक छात्रावास पवारखेड़ा में आवासीय प्रबंध सुनिश्चित करवाया साथ ही करण कुमार धुर्वे एवं केशव कुमार धुर्वे का क्रमशः कक्षा 5वीं एवं कक्षा 7वीं में एडमिशन शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला ब्यावरा में कराया गया। अब दोनो भाई छात्रावास में रहकर पढाई कर सकेंगे।

इसमें कलेक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें एवं समय पर आवेदकों की समस्या का समाधान करें।

## नपा ने पीओपी की मूर्ति और अमानक पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान, जुर्माना भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका की टीम द्वारा समूचे बाजार क्षेत्र में पीओपी की मूर्ति के क्रय विक्रय पर तथा अमानक पालिथिन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। साथ अमानक पालिथिन मिलने पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार बाजार क्षेत्र में अमानक पालिथिन और पीओपी की मूर्ति के क्रय विक्रय के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जो भी व्यक्ति पीओपी की मूर्ति विक्रय करते हुए पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि नगर में लगातार सर्चिंग की जा रही है। इस अभियान में एआरआई रवि सूर्यवंशी, दुर्गेश सोनिया, सतीश यादव आदि लगे हुए हैं। मंगलवार को पीओपी की मूर्ति रखने तथा गंदगी करने पर 2500 रुपए का जुर्माना किया। नपाध्यक्ष ने समस्त धर्मप्रेमी जनमानस से आग्रह किया है कि पीओपी मूर्ति की बजाय मिट्टी के गणेश स्थापित करें, क्योंकि पीओपी एवं केमिकल रंगों से बनी प्रतिमाएं न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। घरों-घर विराजित होने वाले गणेश जी की प्रतिमाएं मिट्टी की हों ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

## समेरिटंस के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से बनाए भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समेरिटंस आईसीएसई विद्यालय पिपरिया के बच्चों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर भगवान गणेश की छवि को उकेरा। इसके पूर्व विद्यालय के कला शिक्षक अनिल बानोरिया ने एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें बच्चों को मिट्टी के गणेशजी बनाना सिखाया गया। बच्चों ने गणेश जी बनाना सीखा।

## महिलाओं पर विवादित बयान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मंगलवार को आईटीआई हरियाली चौराहे पर महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान न केवल महिलाओं का अपमान हैं, बल्कि सामाजिक मूल्यों के भी विपरीत हैं।

वहीं जीतू पटवारी जैसे वरिष्ठ नेता यह कहकर कि महिलाएं सबसे ज्यादा शराब मध्यप्रदेश में पीती हैं, पूरे प्रदेश की महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने इसे बेहद शर्मनाक और निंदनीय बताया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने भी कांग्रेस नेताओं की तीखी आलोचना की। पुतला दहन कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, हीरामणि भावसार, रोमा नारोलिया, ज्योति रैकवार, प्रसन्ना हर्णे, लोकेश तिवारी, राजेश तिवारी, प्रशांत दीक्षित, अमित महाला, चरणजीत सिंह, सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, विकास नारोलिया, गोकुल पटेल, गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर, राममोहन राजपूत आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों से पहले हुई बाजार में व्यवस्था सुधारने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आगामी त्योहारों के मद्देनजर इटारसी नगर पालिका ने बाजार व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कमर कस ली है। इसी क्रम में, इटारसी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने स्वयं बाजार क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर व्यापारियों और ठेले वालों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान स्वच्छता नोडल अधिकारी सब इंजीनियर मयंक अरोरा, कमलकांत बडग़ोती भी साथ रहे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बाजार में स्वच्छता बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना था। निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्रीमती मेहरा ने पाया कि कई दुकानों के सामने डस्टबिन का अभाव है। उन्होंने सभी दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी दुकानदार अपना कचरा केवल डस्टबिन में ही डालें। नगर पालिका की कचरा गाड़ी आने पर ही कचरा उसमें दिया जाए, जिससे सड़कों पर गंदगी न फैले। विदित हो कि बाजार में अस्थायी अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

### आज से घरों घर पूजे जाएंगे विध्नहर्ता भगवान श्रीगणेश

## सुहागिन और किशोरियों ने माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना में कठिन व्रत रख कर मनाई हरतालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



हरतालिका तीज के अवसर पर मंगलवार को महिलाओं ने कठिन व्रत किया। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात ठीक 12 बजे महिलाओं का व्रत शुरू हुआ। और इसके बाद महिलाओं ने निर्जल व निराहार रहते हुए मंगलवार की शाम की गई हरतालिका व्रत की प्रथम पूजन उपरांत जल ग्रहण किया। इस अवसर पर सनातनियों के अनेक घरों में फुलेरा बांधकर इसके नीचे शिवलिंग को सज्जित किया गया। एवं विविध द्रव्यों सहित बिल्व पत्र, धतूरा आदि से भूत भावन भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। वहीं शिव परिवार का पूजन भी किया गया। पूरी रात महिलाओं ने अलग-अलग क्रम में भूत भावन भगवान भोलेनाथ एवं माता गौरा का पूजन किया। रात्रि जागरण करते हुए महिलाओं ने भजन गाए एवं व्रत को संपन्न किया। बुधवार सुबह पार्थिव शिवलिंग व पूजन में उपयोग की गई निर्माल्य सामग्री का विसर्जन नदी में किया गया।

### जिले भर में गणेशोत्सव आज से शुरू

प्रतिवर्षानुसार भाद्रौ मास की शुक्ल चतुर्थी से प्रारंभ होने वाले श्री गणेशोत्सव प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान नगर के अधिकांश गली मोहल्लों और कालोनियों में प्रथम पूज्य श्री भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। जो निरंतर 10 दिनों तक जारी रहेगा। गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं द्वारा व्रत एवं आराधना की जाएगी वहीं घरों में भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल गणेश चतुर्थी 27 अगस्त 2025 को मनाई जाएगी। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 27 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक है।

## आर्यंस एक्सीलेंट कॉन्वेंट स्कूल आरी में हुई प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सूर्योदय सामाजिक संस्था एवं आर्यन्स एक्सीलेंस कान्वेंट स्कूल आरी के तत्त्वधान में माटी गणेश – सिद्ध गणेश कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

शुरुआत भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात प्रशिक्षक मनीष चतुर्वेदी एवं हरीश नामदेव ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विकासखण्ड समंवयक नरेंद्र देशमुख ने अभियान की रूपरेखा रखते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने ग्राम में 'माटी गणेश, सिद्ध गणेश' के बारे में लोगों को जागरुक करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। 172 प्रशिक्षार्थियों ने माटी गणेश प्रतियोगिता में भाग लिया।

## कलेक्टर सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# पहली ही सुनवाई में हो, आवेदकों की समस्याओं का निराकरण: कलेक्टर

### आवेदक के अनावश्यक परेशान होने पर संबंधित अधिकारी पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में भैंसदेही के श्रवण ने दिव्यांग प्रमाण पत्र रिन्यू कराए जाने की गुहार लगाई। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने श्रवण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दिव्यांग प्रमाण पत्र रिन्यू कर जारी किए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

जनसुनवाई को संबोधित करते कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में आवेदक अनावश्यक रूप से परेशान न हो। आवेदकों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पहली सुनवाई के दौरान ही आवेदक की समस्या का समाधान कराएं। आवेदक द्वारा दोबारा जनसुनवाई में आने और वाजिब कारण होने के बावजूद भी उसकी समस्या का निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी को जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का पूरी गंभीरता से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए।

#### बंधक भूमि को मुक्त कराने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम कोलगांव निवासी इमला बाई पति गणेश हारोड़े ने आवेदन के माध्यम से भूमि के खसरे में गलत नाम दर्ज होने की शिकायत की। आवेदिका ने बताया कि खसरे में नाम सुधार किए जाने के लिए 5 माह पूर्व आवेदन दिया था। आवेदन के पश्चात फाइल निरस्त कर दी गई। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार मुलताई तहसील के ग्राम पिसाटा निवासी साहब राव भुजाडे ने खसरा नंबर सुधारकर खेत का नक्शा काटे जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम को तत्काल प्रकरण का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए। आठनेर के ग्राम मांडवी निवासी श्रीराम डढोरे ने भारतीय स्टेट बैंक कोलगांव द्वारा बंधक भूमि को मुक्त नहीं किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एलडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

#### भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने की मांग

जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम ससुन्द्रा निवासी ज्ञान राव माथनकर ने स्वामित्व की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला एसडीएम को आवेदन की जांच कर निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम चिखलपाटी निवासी आदित्य ने आवेदन के माध्यम से भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए तहसीलदार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण का शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। अडलक कंस्ट्रक्शन बैतूल द्वारा आवेदन के माध्यम से पूर्व में किए गए कार्य का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीएचई विभाग के ईई को प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जाने के निर्देश दिए।

#### आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश

भैंसदेही तहसील के ग्राम बालनेर निवासी मालती लोखंडे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि 19 अप्रैल को उनके पति स्व.गुलाब लोखंडे की मांडू नदी में डूबने से मौत हो गई। आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण का शीघ्र निराकरण कर सहायता दिए जाने के निर्देश दिए। भीमपुर तहसील के ग्राम जामन्या निवासी नेहरू पिता कुंजीलाल ने भूमि प्रकरण में कोटवार पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के सुभाष वार्ड निवासी राजकुमार यादव ने आवेदन के माध्यम से आवागमन के लिए छोड़े गए मार्ग पर हुए अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## वन व्यवस्थापन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं

# विकास परियोजनाओं में आवश्यक अनुमतियां और भूमि आवंटन में देरी न हो: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमतियां, भूमि आवंटन इत्यादि प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की साकली से अंधेर बावड़ी मार्ग, धायवानी से बाबजेई मार्ग और तेंदूखेड़ा, कावलीखेडा, काजली मार्ग निर्माण की प्रगति की समीक्षा और भूमि आवंटन के लिए शीघ्र आवेदन करने के निर्देश एसडीओ साउथ को दिए। इसी प्रकार उन्होंने जल संसाधन विभाग के निर्गुण मध्यम सिंचाई परियोजना, गढ़ा सिंचाई परियोजना और प्रभुढाना सिंचाई परियोजना में आवश्यक अनुमतियों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार स्वास्थ्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत ग्रेवल सड़क निर्माण के लिए आरईएस और वन विभाग को स्थल का संयुक्त निरीक्षण और जांच की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, एमपीईबी के भी वन सम्बन्धी प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वन व्यवस्थापन के प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम और एसडीओ के लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में वन मंडल अधिकारी श्री नवीन गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की और सभी को शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि जनसामान्य की वाजिब शिकायत अनावश्यक लंबित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा। आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की भी कलेक्टर ने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने भूमि आवंटन के प्रकरण लंबित पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और सभी एसडीएम को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले रीडर्स के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी। धारणाधिकार के ऐसे प्रकरण जिनमें पंजीयन नहीं हो पा रहा हैं। उनमें राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंजीयक और सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में पंजीयन के लिए विशेष कैंप आयोजित कराएं। उन्होंने आमढाना में शासकीय प्राथमिक शाला लचकोरा की स्कूल भवन जर्जर होने के शिकायत पर शिक्षा विभाग और एसडीएम को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी विभाग के अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले के पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना में आवेदन कराएं। इसी प्रकार ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी अपने अमले के आवेदन प्राप्त करें और उन्हें एलडीएम को प्रेषित कराएं। कलेक्टर सूर्यवंशी ने आगामी 7 दिवसों में उक्त योजनाओं में शत प्रतिशत आवेदन कराने के निर्देश दिए।

#### ई-केवाईसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो

*कलेक्टर ने समग्र ई केवाईसी अभियान की भी जनपद और निकायवार समीक्षा की। उन्होंने ई केवाईसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई केवाईसी में शाहपुर, घोड़ाडोंगरी और भीमपुर जनपद को विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने शाहपुर, घोड़ाडोंगरी और भीमपुर के जनपद सीईओ ई केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं लाने पर वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सीएमओ शाहपुर को बैठक में अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने 29 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने खेल महोत्सव के लिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ को अपने क्षेत्र में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स को भी खेल गतिविधियों के दौरान चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

# गणेश चतुर्थी पर उमड़ी श्रद्धा की लहर बाजार में मिट्टी की प्रतिमाओं की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

बुधवार को गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर नगर में भक्ति भाव का वातावरण बना हुआ है। भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर मंगलवार को ही नगर के बस स्टैंड परिसर सहित प्रमुख मार्गों पर प्रतिमा विक्रेताओं की अस्थायी दुकानें सज गईं। इन दुकानों पर एक फीट से लेकर चार फीट ऊंचाई तक की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं की पसंद के लिए उपलब्ध रहीं। नगरवासियों ने सुबह से ही अपने घरों, मोहल्लों एवं पंडालों में स्थापित करने के लिए मनचाही प्रतिमाओं की खरीददारी शुरू कर दी। प्रतिमाओं के साथ-साथ सजावट सामग्री जैसे माला, चुनरी, श्रृंगार सामग्री और पूजन सामग्री की भी जमकर बिक्री हुई। इस वर्ष विशेष बात यह रही कि बाजार में केवल मिट्टी से बनी पर्यावरण हितैषी प्रतिमाएं ही उपलब्ध कराई गईं। विक्रेताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की प्रतिमाओं पर रोक लगाए जाने के बाद शुद्ध मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग बढ़ गई है। प्रतिमा विक्रेता मनीष प्रजापति ने बताया, लोग अब पर्यावरण को लेकर जागरूक हो रहे हैं। मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग पहले से कहीं ज्यादा है। छोटे आकार की प्रतिमाएं तो दुकान पर आते ही बिक जाती हैं। वहीं श्रद्धालु गौरव राठौर ने कहा, हम हर साल भगवान गणेश की प्रतिमा घर लाते हैं। इस बार मिट्टी की प्रतिमा ही लेना तय किया ताकि विसर्जन के समय जल स्त्रोत प्रदूषित न हों। यह परंपरा और पर्यावरण दोनों के लिए अच्छा है। राधे मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति के सदस्य अमित तिवारी ने बताया, इस बार हमारी समिति ने पांच फीट ऊंची प्रतिमा मंगवाई है। त्योहार के दौरान भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं के लिए आयोजकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य होगा। भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और नगर का माहौल पूरी तरह गणेशमय हो चुका है। आत्मशुद्धि, समर्पण और भक्ति का स्वरूप स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मांग, सौंपा ज्ञापन

# कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण लोकतंत्र की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के साथ 16 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए शासकीय कार्य में बाधा के झूठे प्रकरण को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रजातंत्र की हत्या बताते हुए प्रकरण वापस लिए जाने की मांग की है।

इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहीम राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुलताई की अनुपस्थिति में तहसीलदार संजय करईया को सौपा। जिसमें कहा कि सत्ता संरक्षण मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे दमन बंद किए जाए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस ले जाने की मांग की है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार ने ज्ञापन सोपते समय तहसीलदार को बताया कि मुलताई क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है, और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तहसील परिसर में आने वाले रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। मुलताई से परमंडल एक किलोमीटर रोड का टेंडर हुए 2 साल गुजर गए, लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं हुआ, जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सच्चाई छुपाने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और मंत्री को रास्ता बदलकर मुलताई नगर में प्रवेश कराया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सौंप गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दिनों बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा पर एवं अन्य 16 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने व बिना अनुमति के धरणा प्रदर्शन करने की धारा के तहत सत्ता के संरक्षण में एफआईआर दर्ज की गई है, जो पूर्णतः अनुचित है। भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण खारिज कर निरस्त करने की मांग करते है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्रकरण दर्ज करना लोकतंत्र की हत्या है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, अरुण यादव, सुमित शिवहरे, रितेश शर्मा, लोकेश यादव पार्षद निर्मला उबनारे, राहुल जैन, आशीष सोनी, शेख जाकिर आदि रहे मौजूद।

# विद्या भारती जनजाति क्षेत्र शिक्षा मध्य भारत प्रांत की अनूठी पहल

### थावड़ी स्कूल के बच्चों ने बनाई गणेशजी की इको फ्रेंडली मूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संकुल कोलगांव के उप संकुल सेलगांव के संस्कार केंद्र थावड़ी मे आज मंगलवार को उप संकुल स्तरीय गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा गणेशजी की मूर्ति बनाने हेतु प्रेरणा दी। जिसमें बच्चों एवं ग्राम की महिला ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ओर मूर्ति तैयार की ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति वंदना लिखितकर संकुल प्रमुख एवं रोशन लिखितकर श्रीराम सिरसाम औश्र उप संकुल के प्रमुख भैया बहन सहित सभी केन्द्र को संचालित करने वाली दीदीया, ग्रामवासी एवं संयोजक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। सभी केन्द्रो के बहनो, जिसमे संकुल प्रमुख दीदी ने भगवान गणेश जी की कथा का वर्णन भी किया एवं जो मूर्ति निर्माण किया गया, उसको ग्रामीण को भेट की, जिससे उसकी विधि विधान से स्थापना हो एवं पूजा पाठ हो ।

# हरतालिका तीज पर ताप्ती तट पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

### महिलाओं ने शिवपूजन कर मांगी परिवार की सुख समृद्धि



**मुलताई।** हरतालिका तीज पर गौर लाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाए ताप्ती तट पर पहुंची, जहा विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान शिव की स्थापना के लिए गौर (रेत) प्राप्त की। जिसका गणेश चतुर्थी पर ज्वारे के साथ जल में विसर्जन किया जाएगा। हरतालिका तीज पर सुबह से ही हजारों की संख्या में महिलाएं ज्वारा लेकर ताप्ती तट पहुंची। मां ताप्ती एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना की और भगवान शिव से अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर सुहाग की सलामती की प्रार्थना की। हरतालिका तीज के संबंध में पंडित गणेश शंकर त्रिवेदी बताते हैं कि इस दिन महिलाएं सरोवर या नदियों पर जाकर गौर के रूप में रेत घर लाती है, जिससे प्रतीक के रूप में भगवान शिव की स्थापना की जाती है। इसके उपरांत रात में भगवान शिव का पूजन होता है। इस दिन हरतालिका की कथा का, महिलाएं श्रवण कर असीम पुण्य की प्राप्ति करती है। इसके उपरांत गणेश चतुर्थी पर महिलाएं फिर ज्वारे का विसर्जन करती है। दो दिन महिलाए अपने पति की लंबी आयु के लिए उपवास रखती है। ताप्ती तट स्थित राम मंदिर के सामने नगर पालिका मुलताई ने इस बार नो व्हीकल जोन बना कर सुविधा उपलब्ध कराई है। नगर पालिका द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ताप्ती सरोवर में सुरक्षा चैन के साथ ही रस्सी लगाई गई है, इसके अलावा नगर पालिका द्वारा नाव एवं गोताखोरों की नियुक्ति भी की गई है। नगर पालिका के कर्मचारियों को जगह-जगह तैनात किया गया है, जो स्थिति पर ड्रोन से नजर रखे हुए हैं। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिसकर्मी भी परिक्रमा क्षेत्र में तैनात है।

## लोको रनिंग परिवार सेमिनार में बोले अधिकारी...

# हमसफर के सहयोग से ट्रैक पर दौड़ती है ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

ट्रेनों में प्रतिदिन लाखों यात्रियों को अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने का जिम्मा यूं तो रेलवे में कार्यरत एक-एक कर्मचारी का होता है, किंतु इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां में रेलवे पायलटो का बेहद महत्वपूर्ण स्थान होता है और रेलवे पायलट अपनी जिम्मेदारी तब ही पूरी गंभीरता से निभा पाते हैं, जब हमारे लोकों पायलट के हमसफर यानी लोको पायलट की जीवनसंगिनी लोको पायलट को प्रतिदिन तरोंताजा मन मस्तिष्क से ड्यूटी के लिए तैयार करती है। और यह सब संभव हो पा रहा है, आप सभी महिला शक्ति की वजह से। उक्त वक्तव्य सोमवार को स्थानीय रेलवे लॉबी में आयोजित लोगों रनिंग परिवार के सेमिनार में मुख्य कमी दल नियंत्रक एके जैन ने अपने संबोधन में कहे। गौरतलब है कि स्थानीय लोकों रनिंग परिवार, लोको पायलट परिवारों की समस्याओं और समाधानों के लिए हर वर्ष सेमिनार आयोजित करता है, इस सेमिनार के माध्यम से रनिंग परिवार से जुड़ी समस्याओं और इसके समाधान पर विचार विमर्श भी किया जाता है।



#### लोको पायलट की पत्नियां भी सहायक पायलट की तरह ही होती हैं

*कार्यक्रम में सी. एल. टी. बी.आर .साहू ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे में रनिंग शाखा में कर्मचारियों की लगातार कई घंटे की ड्यूटी मानसिक दबाव थकान से रनिंग शाखा सदैव जूझती रहीं है ऐसे समय में परिवार और पत्नी की भूमिका एक ऐसी भूमिका का निर्वाह करती है, जो रनिंग शाखा कर्मचारियों को तरोताजा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है सेमिनार में उपस्थित अविनाश पारे,निशांत पागे ,जयंत पवार, दीपक पवार ने भी अपने विचार रखते हुए सेमिनार में उपस्थित महिलाओं से कहा है कि आप सभी को अगर सहायक लोको पायलट कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस मौके पर यहां उपस्थित रेलवे रनिंग कर्मचारियों की पत्नियों ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए कहा है कि हमें अपने पति की जिम्मेदारियां का एहसास है, इसलिए हमारा पूरा प्रयास रहता है कि घर में शांत वातावरण रखते हुए हम अपने पति को ज्यादा से ज्यादा वक्त आराम देने की कोशिश करते हैं। वहीं इस मौके पर उपस्थित एक महिला ने ये भी कहा कि यह बात सच है कि अपने पायलट पति की ड्यूटी की गंभीरता को समझते हुए घर की तमाम जिम्मेदारियां मसलन बच्चों को स्कूल छोड़ने जाना, स्कूल से लाना,बाजार से सामान खरीदना सहित कई अन्य जिम्मेदारियां भी हम अकेले को ही निभाना पड़ता है।*

# तीज पर्व पर नगर परिषद बैतूल बाजार ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**बैतूल।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान अंतर्गत नगर परिषद बैतूल बाज़ार द्वारा तीज पर्व के अवसर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद क्षेत्र के सभी घाटों की साफ-सफाई की गई एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु घाटों की दिशा दिखाने के लिए चुना लाइनिंग डाली गई। नगर परिषद के स्वच्छता निरीक्षक रमेश चंद्र पवार के निर्देशन में मंदिर परिसरों की भी गहन सफाई की गई। इस अभियान में नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी के सामूहिक सहयोग से कार्य पूर्ण किया। नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि ह्लतीज जैसे धार्मिक पर्वों पर स्वच्छता बनाए रखना



आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले और समाज में स्वच्छता का संदेश पहुंचे। गौरतलब है कि नगर परिषद बैतूल बाज़ार स्वच्छता, नागरिक सुविधा एवं सामाजिक कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है।

**कार्यालय नगर परिषद बैतूल बाजार जिला - बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक/स्व.भा.मि./2025/816 बैतूलबाजार, दिनांक 18.08.2025

**// निविदा सूचना //**

**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से Lump-sump दर पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाँक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_445021_1 20-08-2025 | INTERCEPTION & DIVERSION WORK FOR TAPPING NALLAH AND SETUP SEWAGE TREATMENT PLANTFORUSED WATER MAN-AGEMENT FOR BETUL BAZAR TOWN UNDER SBM 2-0 | 1) 18 माह 2) 270.07 लाख | 1. 15,000/- 2. 1,35,037/- | 20.09.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेंगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेंगा।

**मुख्य नपा अधिकारी, नप बैतूल बाजार**

## सीएमओ ने किया शासकीय अस्पताल का निरीक्षण

**इटारसी।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय कार्यालयों और सेवा संस्थाओं में व्यवस्था सुधार तथा कार्यों पर निगरानी रखने के निर्देशों के क्रम में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) रितु मेहरा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद सीएमओ मेहरा ने बताया कि यह विजिट कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा के निर्देशों पर किया गया है। उन्होंने संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में ज्यादातर चीजें व्यवस्थित मिली हैं। प्रतिदिन 500 से 800 तक की ओपीडी होने के बावजूद, उसकी तुलना में सफाई व्यवस्था बेहतर पाई गई। स्टाफ की उपस्थिति भी संतोषजनक थी। हालांकि, निरीक्षण के दौरान मैटरनिटी वार्ड की छत की मरम्मत कराने की आवश्यकता महसूस की गई। सीएमओ ने इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं और उम्मीद जताई है कि अगले साप्ताहिक विजिट तक यह काम पूरा हो जाएगा। सीएमओ ने अस्पताल प्रबंधन से बात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर चर्चा हुई, जिसके लिए रोगी कल्याण समिति के माध्यम से शासन को पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि वे भी जिला प्रशासन के माध्यम से यहां की जरूरतों को शासन के समक्ष रखेंगी, ताकि अस्पताल में सुविधाओं और स्टाफ की कमी को दूर किया जा सके।

### जन सुनवाई में नागरिकों ने दिए समस्या निराकरण बावत आवेदन

# नागरिकों की आवास, मानदेय, पुलिया समस्याओं का किया गया निराकरण

प्रशासन द्वारा जिले के विकासखण्डों में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिकों ने आवेदन किये।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को देकर निराकृण की मांग की है। पहले आवेदन में आवेदक सेवाराम ने उल्लेख किया है कि वह ग्राम सेहरा के समीप टपरिया बनाकर रहता है। चारों ओर घना जंगल व तालाब है। उसके बच्चे स्कूल जाते हैं और रास्ते में हिंसक वन्यजीव हैं। आवेदक ने ग्राम टेकापार में सरकारी आवास योजना का लाभ देने की मांग की है।

शासकीय स्कूल महुआखेड़ा खुर्द में कार्यरत अतिथि शिक्षिका सुलेखा अहिरवार ने शिकायत की है कि विद्यालय की प्राचार्य रश्मि पुर्विया मानसिक रूप से परेशान करती हैं। मनीराम मेहरा सरपंच ग्रापं कलमेशरा के आवेदन अनुसार उन्हें मानदेय के 38 हजार 500 रुपये प्राप्त नहीं हो रहे हैं। जबकि सरपंच ग्रापं सचिव राकेश पुरी गोस्वामी से भुगतान के लिए कई बार निवेदन कर चुके हैं। ग्राम गुंदरई निवासी रेवक सिंह, दशरथ, जगदीश तथा योगेश ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनके मकान के सामने प्रधानमंत्री रोड बनी है। बरसात का पूरा पानी मकान में घुस रहा है। अतः रोड पर पुलिया बनाई जाए ताकि बरसाती पानी घरों में ना पहुंचे।

किशोरीलाल बाथरे सुभाष वार्ड सोहागपुर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनका भतीजा विक्रम कुमार रजक आठ अगस्त 2025 से ग्राम सूकरी से लापता है, जिसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज है। लेकिन गुमशुदा का पता नहीं चल रहा है, अतः कार्रवाई की जाए। आवेदक बृजेश, पुष्पा नागवंशी, दमयंती निवासी इंदिरा वार्ड सोहागपुर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनके घरों के आसपास लगे नीलगिरी के पुराने वृक्ष कभी भी गिर सकते हैं। अतः क्षति की संभावना से वार्डवासियों को बचाने के लिए वृक्ष कटवाए जाएं।

शैलेंद्र ठाकुर निवासी पिपरिया ने उल्लेख किया है कि उनका खेत ग्राम तालाखेड़ी में है। जिसके कब्जे की कार्रवाई मई 2025 में की गई। लेकिन आज तक कब्जा प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक ने कब्जा दिलाने की मांग की है। हीरालाल पुत्र मंसाराम निवासी बारंगी ने शिकायत की है कि वे दो हॉर्स पावर की मोटर से सिंचाई करते हैं। लेकिन बिजली कंपनी द्वारा परेशान करने की मंशा से पांच हॉर्स पावर का बिल दिया जाता है। आवेदक ने इसे अन्याय बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की लापरवाही का मामला जनसुनवाई में पहुंचा

**पिपरिया** जनपद पंचायत की हथवास में शोभापुर रोड मुख्य मार्ग पर लगभग १००मीटर में बड़े पैमाने पर गड्ढे होने तथा पलिया प्लांट के पास पुल निर्माण कार्य में लापरवाही करने का मामला मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचा।आवेदक नवनीत सिंह बखसीने रोड अति खराब होने से लोग वाहन नीचे गिर रहे हैं।लोक निर्माण विभाग एसडीओ आर,पी, शर्मा ध्यान नहीं दे रहे हैं।आम जनता परेशान हैं। लगभग एक माह पूर्व सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। फिर भी सुधार नहीं हुआ है। लगभग २०दिन पूर्व एसडीओ को भी अवगत कराया गया उसके बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तथा एक सप्ताह पूर्व कार्यपालन यंत्री अनुरागसिह को भी अवगत कराया गया है।पर आस्वासन के अलावा कुछ नहीं हुआ है। पलिया प्लांट के पास पुलिया निर्माण कार्य में ठेकेदार शासन के नियम अनुसार बगैर गुणवत्ता के कार्य कर रहे हैं। ठेकेदार ने सड़क निर्माणकार्य के किनारे की मिट्टी खोदने पर जान का खतरा बढ़ गया है जनता को पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है तो रास्ते में बंद कर दिया गया है।

## अन्य जिले के किसानों को भी डबल लाक से जाता है खाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया लगातार तीन वर्षों से यूरिया डीएपी की समस्या दोनों बढ़ती जा रही है किसानसघ राष्ट्रीयकिसान मजदूर संघ से जितेंद्र भार्गव शिवराज राजौरिया जितेंद्र सिंह पटेल श्री कांत चौधरी ने आरोप लगाया है कि डबल लॉकप्रभारी के द्वारा अपने मित्रजो बरेली विकास खण्ड में समाजके लोगों परिचित को लाभ देने के उद्देश्य से विगतवरष में छिंदवाड़ा जिले में खाददेते हुए पकड़े गए थे।

अब पुनः सेमरी हरचंद में रहे प्रबंधक अभी भी वहां के लोगों को लाभ दे रहे हैं। जितनी कमी अभी आ रही है। कभी संजीत वर्मन के कार्यकाल में कभी नहीं देखा गया था।पर वर्तमान में कामी परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है छिंदवाड़ा जिले तक तथा रायसेन जिले तक पहुंच रहा है।माननीय तक पहुंच रहा है। पिपरिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने कहा कि अधिकारियों पर लगाम नहीं लगाई गई है। जिसका परिणाम किसान मजदूर भोग रहे हैं। कभी मूंगखरीदी को लेकर धरना प्रदर्शन किया तो अब आए दिन खाद वितरणके लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।रात 11 बजे से सुबह 4 बजे से लाइन में लगनेके बाद भी खाद नहीं मिल रहा है। सोमवार को डबल लाख खादवितरण केंद्रपर हजारों की संख्या में किसान पहुंचे तहसीलदार ने टोकन वितरण किया पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में। सभी सेवा सहकारी समितियांके माध्यम से २गाडी ही वितरण कियाजाता है। प्रायवेट दुकान पर १गाडी ही दी जा रही है। आखिर कहां पर जा रहा है। खाद्य वितरण में काफी सुधार की आवश्यकता है। अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें अभीजानकारी नहीं है कि छिंदवाड़ा जिले रायसेन जिले में जा रहा है वह अन्य लोगों से बात करते हुए देखते हैं।

डबल लाक प्रभारी पिपरिया के प्रबंधन भारत सिंह निमोदा का कहना है कि किसान पिपरिया जनपद पंचायत के आधार कार्ड धारक को ही दिया जाता है।पर वह यदि किसी व्यक्ति को भेजते हैं तो हमारी जवाबदारी नहीं है। शिकायत पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### इटारसी में 'लाल बाग के राजा' का आगमन आज

**इटारसी।** मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा की तर्ज पर इटारसी में भी गणेशोत्सव का आयोजन होता रहा है। चिंतामणि सार्वजनिक गणेश मंडल, बैंक कॉलोनी द्वारा स्थापित की जा रही 11 फीट की यह प्रतिमा शहर में भक्ति और उत्साह का नया रंग घोलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## भाजपा नेता के घर हुई कार्रवाई को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले भाजपाई, की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विगत दिनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139को तथा होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्रके ग्राम चांदौन में भाजपा नेता पार्षद हेमराज सिंहमुख्तियार के भाई के घर पर बनखेड़ी पुलिस के द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर अभीभी आरोपी पर एफआईआर दर्ज नहीं होना तथा मुख्तयार को न्याय नहीं मिला तो विधायक ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में हेमराज सिंह मुख्तार पिपरिया नगरमंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी ग्रामीण मंडल बनखेड़ी विकासखंडके सैकड़ों लोगों ने मध्य प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री एवं शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात की विधायक ठाकुरदास नागवंशीके द्वारा मंत्रीगणो को अवगत कराया जिससे क्षेत्र में ठेकेदारके द्वारा भाजपा सरकार में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर बगैर किसी सबूत के इस तरहसे घर का घिराव किया गया। आरोपी तथा अन्य अधिकारियोंकी टीम ने जो कार्यप्रणाली अपनाई है। उनपर कार्यवाही की बात कही है।



### माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण

**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम ने बाल विहार माडल हायर सेकेण्डरी स्कूल में माटी गणेश सिद्ध गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण राकेश कीर द्वारा दिया गया एवं पर्यावरण शुद्धता का संदेश भी दिया गया जिसमें नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव, प्राचार्य किशोर तिवारी, अर्जुन यादव एवं बाल विहार माडल हायर सेकेण्डरी स्कूल माखननगर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को नोटिस

**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र ओरिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया अस्पताल में प्रबन्धन का अभाव होने एवं नियमित कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए फार्मासिस्ट ग्रेड-2 श्री सत्येन्द्र शर्मा की ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया में लगाई गई है। इसी प्रकार फार्मासिस्ट ग्रेड-2 श्री सुशील वर्मा की ड्यूटी सप्ताह में 4 दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली एवं सप्ताह में 2 दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मसनगांव में लगाई गई है।

### एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय चरण

**हरदा।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा। विद्यार्थियों के लिए 2 सितंबर को सीट आवंटन जारी किया जाएगा।

### 24 घंटों में जिले में 1.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 2.1 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 2.4 मि.मी., सिराली में 0.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 829.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 727.7 मि.मी., टिमरनी में 1049.4 मि.मी., खिरकिया में 890.9 मि.मी., सिराली में 751.1 तथा रहटगांव में 728.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 26 अगस्त तक 803.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कृषि कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 4 लाख की मदद

**हरदा।** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मृतक किसान सूरज जाट पिता भुजराम जाट निवासी बिछौला रैयत तहसील हंडिया के परिजनों के लिये 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसके अलावा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 4 हजार रूपये भी मृतक के परिवार को दिये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि गत माह ग्राम बिछौला रैयत निवासी सूरज जाट की मृत्यु कृषि कार्य के दौरान हो गई थी। सूरज जाट की पत्नि दीपिका जाट के खाते में कुल 4.04 लाख रूपये की राशि जमा कराई जाएगी।

---

### कलेक्टर ने शिकायत पर करताना से 130 निराश्रित पशुओं को हटावाया

# अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

**कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बरसात के बाद समूचे जिले में सड़कों के गड्ढे भरने का कार्य करने के निर्देश सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को दिये हैं।**

मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि राशन ले रहे अपात्र परिवारों के नाम राशन की सूची से हटाये जाएं। प्रशासनिक एवं नगरीय निकाय के अधिकारी इस बात पर ध्यान दें कि नगरीय क्षेत्रों में नये अतिक्रमण न हों। बैठक में उन्होने अवैध कॉलोनी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम करताना से 130 निराश्रित पशु सुरक्षित स्थानों पर भेजे गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी स्थानों की मुख्य सड़कों पर से निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर आश्रय दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को शहर में अधिक धुंआ छोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व अमला गिरदावरी के कार्य में गति लाये। उन्होने जिले के सभी आंगनवाड़ी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के भी निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों के ई-वायसी कार्य की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि आमजन की शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

*कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी गोपाल ने शौचालय की राशि प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर श्री जैन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम सिरकम्बा के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में बारिश के कारण प्लाट में पानी भरे रहने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर श्री जैन ने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम भुन्नास निवासी भुजराम ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर दिव्यांगता पेंशन दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता अनुसार दिव्यांगता पेंशन दिलाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी प्रेमनारायण गुर्जर ने उसकी पत्नि बनिता का नाम समग्र आईडी में जोड़ने के संबंध में आवेदन दिया।*

---

### विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

# स्कूल व छात्रावास में अधिकारों को लेकर किया गया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को द जेनर एजुकेशन सिस्टम स्कूल तथा शासकीय आदिवासी महाविद्यालय बालक छात्रावास हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया साथ ही पंच-ज अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल यौन शोषण,बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए है। उन्होने बताया कि बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्य नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं। मौलिक अधिकार, जैसे समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार आदि व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक हैं।

#### योजना की जानकारी दी गई

वहीं, मौलिक कर्तव्य जैसे संविधान का पालन करना, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना, देश की रक्षा करना, नागरिकों के सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व हैं। उन्होने इस दौरान मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के तहत पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। उन्हें इस बारे में भी जागरूक किया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर, पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अथवा 15100 पर कॉल कर, विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर पंच-ज अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

# सहकारी समितियों के कर्मचारियों समेत दो लोगों पर की गई एफआईआर दर्ज

### मूंग उपार्जन में फर्जी पंजीयन करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सेवा सहकारी समिति, नीमगांव के सहायक समिति प्रबंधक अमृतलाल विश्नोई, आपरेटर अनिल विश्नोई, किसान संगीता विश्नोई पति मोहन विश्नोई ग्रांम खमलाय एवं मोहन पिता नाथूराम विश्नोई ग्राम खमलाय के विरुद्ध थाना सिविल लाईन हरदा में एफआईआर दर्ज की गई है।

नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम नोडल शाखा हरदा ने बताया कि संगीता विश्नोई पति मोहन विश्नोई के द्वारा पंजीयन केन्द्र नीमगांव में स्वयं के पंजीयन में अन्य कृषक विश्राम बोदरी, भीका, रमेश, सुगनाबाई, मुकेश का नाम बिना दस्तावेज के पंजीयन में नाम जोडा गया। इसी प्रकार किसान मोहन पिता नाथूराम विश्नोई द्वारा स्वयं के पंजीयन में अन्य किसानों के नाम जोड़कर सिकमी के स्थान पर स्वयं के रूप में पंजीयन करवाया गया है। नियमानुसार सिकमी किसान का पंजीयन 5 हेक्टेयर से अधिक का नहीं होता है किंतु स्वयं के रूप में पंजीयन करने पर 5 हेक्टेयर से अधिक का पंजीयन हो जाता है। किसान संगीता विश्नोई पति मोहन विश्नोई एवं श्री मोहन पिता नाथूराम विश्नोई द्वारा समिति नीमगांव के सहायक समिति प्रबंधक अमृतलाल विश्नोई एवं समिति आपरेटर अनिल विश्नोई के साथ मिलकर अनुचित अवैधानिक पंजीयन कराकर मूंग विक्रय किया गया। उप संचालक कृषि विभाग द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन पर कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के द्वारा आदेशित करने पर सिविल थाना हरदा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

---

### जिला खेल और युवा कल्याण विभाग ने करवाई थी प्रतियोगिताएं

# हर घर तिरंगा अभियान के प्रतिभागियों को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा रंगोली, तिरंगा यात्रा, तिरंगा मैराथन दौड़, मानव श्रृंखला, हर घर तिरंगा फहराना, खेल मैदानों की सफाई, पौधरोपण सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने सोमवार शाम को इन गतिविधियों में भाग लेने वाले विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि इस दौरान 50 मीटर का भारत का मानचित्र बनाने वाले चित्रकार फुटबाल कोच इमरान खान, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, शासकीय महात्मा गांधी स्कूल प्राचार्य जे.पी. प्रजापति, शासकीय कन्या शाला प्रभारी प्राचार्य दीपक मोंगे, खेल प्रशिक्षक मोनिका मेहता, कोच भारती सोनकर, छात्रवास अधीक्षक पुरुषोत्तम राठौर को भी पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में किसी एक कार्य को लक्ष्य बनायें तथा उस कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी और लगन से करें तो हम अपने उद्देश्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने कहा कि खेल विभाग में निरन्तर आयोजित होने वाली खेलकूद गतिविधियों, सामाजिक सुरक्षा के कार्यों में बढ़ कर भाग लें, खेलों से जुड़ें और अपने समय का सदुपयोग करें।

---

### समाजसेवी युवा शुभम सूरमा ने की पहल

# मिट्टी की गणेश प्रतिमा निशुल्क वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अनूठी पहल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गणेश चतुर्थी के पर्व पर समाजसेवी युवा शुभम सूरमा के द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाएं वितरित की गईं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण से बचाव और इको-फ्रेंडली त्योहार को बढ़ावा देना है। साथ ही मिट्टी की मूर्ति बनाने वाले स्थानीय कलाकारो को प्रोत्साहन देने के साथ ही रोज़गार उपलब्ध कराना है। साथ ही मिट्टी गणेश की मूर्ति कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगो को दी गयी हर वर्ष गणेश चतुर्थी के बाद जलाशयों में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों के विसर्जन से पानी और जलजीवों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इस चुनौती को समझते हुए, समाजसेवी शुभम सूरमा ने इस बार प्राकृतिक मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का वितरण कर लोगों को पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।

---

# नदियों में उतरकर कर रहे विरोध, बीमा राशि की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी

**सीहोर।** किसानों का जल सत्याग्रह छठवें दिन भी जारी है। किसान फसल बीमा भुगतान न मिलने के विरोध में कुलासी, पार्वती और पारवां नदी में धरना दे रहे हैं। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में यह आंदोलन जिले के कई गांवों की नदियों में चल रहा है।

किसानों का कहना है कि पिछले 5 सालों से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। हालांकि एक भी बार बीमा राशि नहीं मिली। उनका आरोप है कि बीमा कंपनी और सरकार पेमेंट नहीं कर रही है। जबकि प्रीमियम हर साल काटी जा रहा है।



किसानों के केसीसी खाते से हर 6 महीने में बीमा के प्रीमियम की कटौती होती है, लेकिन पूरा मुआवजा नहीं मिल रहा है।

#### आर्थिक स्थित बिगड़ रही

किसान दौलत सिंह मेवाड़ा और गोविंद सिंह सोनी ने बताया कि फसलें खराब होने के बाद भी बीमा राशि नहीं मिली है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। उनका कहना है कि सरकार और बीमा कंपनी उनकी मेहनत की कमाई का हक नहीं दे रही। आंदोलन के छठे दिन लसूडिया खास की पार्वती नदी में बैठकर किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि या तो सरकार केसीसी से बीमा राशि काटना बंद करे या फिर बीमा की पूरी राशि का भुगतान करे। किसानों का कहना है कि जब तक पूरी बीमा राशि नहीं मिलेगी, उनका जल सत्याग्रह जारी रहेगा।

---

### नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया प्राचीन गणेश मंदिर का निरीक्षण

# श्री चिंतामन गणेश मंदिर मेले स्थल सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



विश्व प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में भी गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर पार्षद और क्षेत्रवासी ने मंदिर परिसर में निरीक्षण किया। यहां पर मेले में लगाए जाने वाले झूले, करीब 74 दुकानें आदि की व्यवस्था के अलावा स्थल की साफ-सफाई का निर्देश दिए।

27 अगस्त से शुरू होने वाले गणेशोत्सव की तैयारियां परिसर में शुरू हो गई है। शहर के एतिहासिक गणेश मंदिर पर 10 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मेला स्थल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, नगर पालिका द्वारा अस्थायी चलित शौचालयों की व्यवस्था आदि की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने नगर पालिका व स्थानीय प्रशासन ने मेले की व्यवस्था के लिए उचित साफ सफाई आकर्षक लाइटें, झूले मेला स्थल पानी के टेंकरों की मेला चलने तक पर्याप्त पानी की व्यवस्था आदि के निर्देश दिए। वहीं मेले के आस-पास मंदिर के प्रंगाण में लगाई जाने वाली मिष्ठान, प्रसाद की दुकानों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखें, भक्तों को शुद्घ व ताजी खाद्य सामगी का विक्रय करें। मंदिर प्रांगण में गंदगी ना फैलायें। इस साल मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्री व्यास के परिवार ने महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। दस दिवसीय महोत्सव में हर दिन भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार और विशेष आरती की जाएगी, साथ ही 10 दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाएगा। पंडित व्यास ने बताया कि गणेश महोत्सव की तैयारिया शुरू कर दी गई हैं। देवों के देव महादेव के पुत्र भगवान गणेश को सनातन धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है, किसी भी मांगलिक या शुभ कार्य करने से पहले भगवान गणेश की स्तुति की जाती हैं। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे देश में मनाया जाएगा।

---

### बहकावे में आई वृद्धा, गहने लेकर चंपत हुए ठग

# नकली नोटों की गड्डी देकर ठग ले गए असली गहने, वृद्धा की चीख-पुकार से गूंजा मोहल्ला



**सीहोर।** शहर के कस्बा क्षेत्र में हुई ठगी की घटना ने लोगों को दहला दिया। कस्बा निवासी वृद्धा रेशम बाई के पास एक महिला और दो पुरुष पहुंचे और बातों-बातों में उन्हें बहका लिया। उन्होंने हाथ में नकली नोटों की गड्डी थमाई और कहा कि यह रुपए उनके काम आएंगे। बहकावे में आकर रेशम बाई ने अपने कानों के कुंडल और मंगलसूत्र उन्हें दे दिए। ठग सामान लेकर मौके से रफूचक्कर हो गए और वृद्धा के हाथ सिर्फ नकली नोटों की गड्डी रह गई।

**रो-रोकर बुरे हाल, परिजनों ने देखे नकली नोट :** ठगों के जाने के कुछ देर बाद रेशम बाई ने नोटों की गड्डी अपने परिजनों को दिखाई। परिजनों ने जब ध्यान से देखा तो पाया कि सारे नोट नकली हैं। यह जानकर वृद्धा फूट-फूटकर रोने लगी और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसी और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे और वृद्धा को ढांढस बंधाया।

वृद्धा की आंखों से आंसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, क्योंकि उनके जेवर उनकी जमा-पूंजी थे। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित वृद्धा रेशम बाई ने तुरंत कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि ठगों द्वारा नकली नोट देकर गहने ले जाने की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का सुराग तलाशने का प्रयास किया जा रहा है।